आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 29.01.2025

मुख्य समाचारः–

1– छत्तीसगढ़ में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव के तहत आज नामांकन पत्रों की जांच की गई–नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि इकतीस जनवरी है।

2– सीजीएमएससी घोटाला मामले में एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने मोक्षित कार्पोरेशन के डायरेक्टर को किया गिरफ्तार–विशेष न्यायालय ने आरोपी को सात दिन की रिमांड पर एसीबी को सौंपा।

3– नारायणपुर जिले में आज सात महिला सहित उनतीस माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

4– उत्तराखंड में हो रहे राष्ट्रीय खेलों में छत्तीसगढ़ की टीम ने कलारी पयट्टू में स्वर्ण पदक जीता।

निकाय चुनाव–नामांकन

छत्तीसगढ़ में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव के तहत आज नामांकन पत्रों की जांच की गई। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि इकतीस जनवरी है। कल अट्ठाईस जनवरी को नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन तक प्रदेश के नगरीय निकायों में महापौर पद के लिए कुल एक सौ नौ नामांकन दाखिल किए गए। सबसे अधिक अट्ठाईस नामांकन रायपुर में जमा किए गए हैं। इसके अलावा अध्यक्ष पद के लिए आठ सौ सोलह अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किए हैं। वहीं, पार्षद पद के लिए दस हजार सात सौ छिहत्तर उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र जमा किए हैं।

इसके अलावा छत्तीसगढ़ में हो रहे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए भी इन दिनों नामांकन दाखिल करने का सिलसिला जारी है।

नगरीय निकाय चुनाव–विशेष कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव में इस बार इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे पहले, वर्ष दो हजार चौदह में हुए चुनाव में ईव्हीएम का प्रयोग हुआ था।

नगरीय निकाय चुनाव में इस्तेमाल की जाने वाली ईव्हीएम, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा या लोकसभा चुनाव में इस्तेमाल की जाने वाली ईव्हीएम से अलग है। ग्यारह फरवरी को होने वाले मतदान में मतदाताओं को एक साथ दो वोट डालने होंगे। एक वोट महापौर या अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के लिए होगा। वहीं, दूसरा वोट वार्ड पार्षद पद के प्रत्याशी के लिए।

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए बताया कि इस इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के बारे में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत हर वार्ड में ईव्हीएम का प्रदर्शन कर लोगों को इसके जरिये मतदान करने की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए डमी मतपत्र का प्रयोग किया जाएगा।

नगरीय निकाय चुनाव में इस्तेमाल होने वाली ईव्हीएम और इस चुनाव से जुड़े अन्य पहलुओं पर आकाशवाणी समाचार ने राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह से विस्तार से बात की है। इस भेंटवार्ता का प्रसारण आकाशवाणी केन्द्र, रायपुर द्वारा आज रात नौ बजकर पंद्रह मिनट से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र एक साथ रिले करेंगे।

सीजीएमएसपी–शशांक चोपड़ा गिरफ्तार

छत्तीगसढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन–सीजीएमएससी घोटाला मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी और आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू ने एक मोक्षित कार्पोरेशन के डायरेक्टर शशांक चोपड़ा को गिरफ्तार कर लिया है। उसे आज रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया गया। न्यायालय ने आरोपी को सात दिन की रिमांड पर एसीबी को सौंप दिया है। इस मामले में अगले सुनवाई चार फरवरी को होगी।

गौरतलब है कि हाल ही में एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने सीजीएमएससी में हुई गड़बड़ी के मामले में रायपुर, दुर्ग सहित कई जिलों में गवर्नमेंट सप्लायर के ठिकानों पर दबिश दी थी। इस दौरान शशांक चोपड़ा, सिद्धार्थ चोपड़ा और उनके भाइयों के ठिकानों पर छापा मारकर कई दस्तावेज बरामद किए गए थे।

आयकर विभाग–छापा

आयकर विभाग की टीम ने आज रायपुर, दुर्ग, भिलाई और बिलासपुर में राईस मिलर समेत कई अन्य कारोबारियों के ठिकानों पर छापा मारा है। इस टीम में छत्तीसगढ़ के साथ ही मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा सहित तेलंगाना के करीब एक सौ पचास अधिकारी शामिल हैं। जिनके यहां छापे मारे गए हैं, उनमें रायपुर के एक उद्योगपति का राजीव नगर स्थित निवास, जवाहर मार्केट का ऑफिस, राठौर चौक स्थित गोदाम और कमीशन एजेंट्स का कार्यालय शामिल हैं। इसके साथ ही टीम ने रिंग रोड स्थित उद्योगपति के कार शोरूम और भनपुरी स्थित राईस मिल में भी छापा मारा है। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई टैक्स चोरी के मामले में की जा रही है। टीम द्वारा अभी भी कार्रवाई जारी है।

माओवादी–आत्मसमर्पण

नारायणपुर जिले में आज सात महिला सहित उनतीस माओवादियों ने पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। ये सभी माओवादी कुतुल एरिया कमेटी – गट्टाकाल और भटनार के सदस्य बताए जा रहे हैं। एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले सभी माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये का चेक प्रदान किया गया।

महाकुंभ–अमृत स्नान

प्रयागराज के महाकुंभ में मौनी अमावस्या के अवसर पर करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु त्रिवेणी संगम पर आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। वहीं, विभिन्न अखाड़ों के साधु–संतों ने भी आज त्रिवेणी संगम पर अमृत स्नान किया। इससे पहले, बीती रात मेला स्थल पर हुए हादसे में तीस लोगों की मौत हुई है। वहीं, उन्नीस लोग घायल हुए हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे पर अत्यंत दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पर जारी एक संदेश में उन्होंने कहा है कि जिन श्रद्धालुओं ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति गहरी संवेदनाएं है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

इस बीच, प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा आज रात करीब ग्यारह बजे दुर्ग से कटनी के लिए एक अनारक्षित कुंभ स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी।

इसके अलावा कुंभ मेले के कारण छपरा–दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है। यह गाड़ी तीस जनवरी तथा तीन और चार फरवरी को छपरा से छह घंटे देरी से रवाना होगी।

एक भारत–श्रेष्ठ भारत

आज रायपुर स्थित राजभवन में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत आंध्रप्रदेश, केरल, उत्तरप्रदेश, मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा और दादर तथा नगर हवेली और दमन द्वीव का स्थापना दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल रमेन डेका ने की। इस अवसर पर संबंधित राज्यों के कलाकारों द्वारा लोक नृत्यों की प्रस्तुति दी गई।

उत्तराखंड–राष्ट्रीय खेल

उत्तराखंड में कल से राष्ट्रीय खेल शुरू हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड के देहरादून में एक भव्य समारोह में अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेल सिर्फ आयोजन ही नहीं है, बल्कि 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' की भावना को प्रदर्शित करने का एक बेहतरीन मंच है।

छत्तीसगढ़ से भी करीब दो सौ तीस खिलाड़ी इन राष्ट्रीय खेलों की विभिन्न स्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं। छत्तीसगढ़ दल के प्रमुख साहीराम जाखड़ ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ की टीम ने कलारी पयट्टू स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है।

बजट–पूर्व अपेक्षा

केंद्रीय बजट आगामी एक फरवरी को पेश किया जाएगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लोकसभा में बजट पेश करेंगी। उनका बजट भाषण सुबह ग्यारह बजे से शुरू होगा। इस बजट से समाज के विभिन्न वर्गों को काफी अपेक्षाएं हैं।

आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया कि व्यापार और उद्योग जगत को इस बजट से क्या अपेक्षाएं हैं।

अकाउंटेंट–गिरफ्तार

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–एसीबी की टीम ने आज कोंडागांव जिले में एक अकाउंटेंट को रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। आरोप है कि समग्र शिक्षा के प्रभारी लेखापाल अरूण सेठिया ने एक दिव्यांग शिक्षक दिलीप कुमार से पोस्टिंग के लिए रिश्वत की मांग की थी। वह इस दिव्यांग शिक्षक से तीस हजार रूपये रिश्वत मांग रहा था। इसके बाद शिक्षक ने जगदलपुर एसीबी में इसकी शिकायत की। आज एसीबी की टीम ने लेखापाल को रिश्वत लेते रंगेहाथों पकड़ लिया।

संक्षिप्त समाचार

– राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान श्री सिंह ने राज्यपाल को नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संबंधी कार्यों की जानकारी दी।

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तीस जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है।

– राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान–रायपुर और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय–रायपुर के बीच इंजीनियरिंग और कृषि क्षेत्र में सहयोग के लिए आज समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

– प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि गबन के मामले में कोरबा जिले में तीन ठेकेदार सहित छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इनमें से पूर्व रोजगार सहायक प्रकाश चौहान और किरण महंत को बर्खास्त कर दिया गया है।

– भिलाई इस्पात संयंत्र के लॉन्ग रेल मिल के पास तेंदुआ देखे जाने की खबर है। डीएफओ चंद्रशेखर परदेशी ने बताया कि तेंदुए की निगरानी के लिए कैमरे लगाए जाएंगे और ड्रोन से निगरानी की जाएगी। तेंदुए को पकड़ने के लिए मैत्री बाग और वन विभाग की टीम लगी हुई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>